चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में कैंपस चयन के लिए देश-विदेश की 30 कंपनियां आईं

# सीआईएमपी में 100% प्लेसमेंट 24 लाख तक का मिला पैकेज

पटना, वरीय संवाददाता। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) के छात्रों के लिए सत्र 2022-24 बड़ी उपलब्धियों वाला रहा है। सभी छात्र-छात्राओं को देश सहित विदेशों की बड़ी कंपनियों में नौकरी मिली। दो दर्जन से अधिक कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आईं।

छात्रों का 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हो गया। पीजीडीएम (एमबीए के समकक्ष) बैच 2022-24 के सभी छात्रों को नौकरी मिल गई। संस्थान के 98 छात्रों में 97 को प्लेसमेंट मिल गया है। एक छात्र ने अपना खुद का स्टार्टअप खोला है। इसमें बिहार के 89 छात्र (92%) व अन्य राज्यों के आठ छात्र (8%) शामिल हैं। इसबार 22 कंपनियों ने 97 छात्रों को नौकरी दी, जबकि प्लेसमेट के लिए 30 से अधिक कंपनियां आई थी। इसकी जानकारी सीआईएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि छात्रों का समर्पण और कड़ी मेहनत, हमारे संकाय और कर्मचारियों का समर्थन, और सम्मानित भर्तीकर्ताओं का विश्वास रहा। प्लेसमेंट चेयरपर्सन प्रो. विभाष कुमार ने कहा कि हमारे पास इस सीजन में 30 से अधिक कंपनियां विभिन्न तरीकों ऑनलाइन, ऑफलाइन, हाइब्रिड, पूल कैंपस में प्लेसमेंट ड्राइव में भाग ले रही थीं।

हालांकि हमारे छात्रों को प्लेसमेंट शीर्ष 22 भर्ती कंपनियों में मिला, जिनमें आईसीआईसीआई, फेडरल बैंक, उज्जीवन बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आइडीबीआइ बैंक, अमूल, कॉम्फेड, एशियन पेंट्स, पीरामल, एचडीएफसी लाइफ, कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग शामिल हैं. ग्लोबल आर्चर (घरेलू और विदेशी), कोलगेट- पामोलिव, आईटी, आदि है। सीआईएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार भी मौजूद थे।



मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में प्लेसमेंट की जानकारी देते चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना के निदेशक प्रो. राणा सिंह। साथ में अन्य। • हिन्दुस्तान

■ कंपनी ग्लोबल आर्चर ने दिया सबसे अधिक पैकेज

## पैकेज सांख्यिकी

- उच्चतम पैकेज: 24.8 एलपीए
- औसत पैकेज: 7.34 एलपीए
- न्यूनतम पैकेज: 4.00 एलपीए
- औसत पैकेज: 7.50 एलपीए

## सेक्टर-वार औसत पैकेज (एलपीए)

- एयरोस्पेस/रक्षा: 11 लाख रुपये
- पेंट्स: 7.86 लाख रुपये
- डेयरी: 7.15 लाख रुपये
- वित्तीय समावेशन: 7.50 लाख रुपये
- बैंकिंग: 7.50 लाख रुपये
- एफएमसीजी: 6.65 लाख रुपये
- फार्मा: 6.30 लाख रुपये
- धातु निर्माण: 6 लाख रुपये
- निर्माण एवं इंजीनियरिंग: 15.90 (उच्चतम) लाख रुपये
- बिहार सरकार: 5.50 लाख रुपये
- जीवन बीमा: 4.75 लाख रुपये
- दूरसंचार: चार (न्यूनतम) लाख रुपये

## पिछले साल की तुलना में औसत वेतन में वृद्धि

पिछले साल के औसत वेतन लगभग सात एलपीए की तुलना में इस बार बढ़कर 7.5 एलपीए हो गया है। साथ ही उच्चतम पैकेज 24.8 एलपीए के आश्चर्यजनक रिकॉर्ड आंकड़े तक बढ़ गया है, जबकि पिछले साल यह 11 एलपीए था। इस साल पहला विदेशी प्लेसमेंट भी हुआ।

## लड़कियों का अधिकतम पैकेज 11 लाख रुपये

लड़कियों को उच्चतम पैकेज 11 लाख रुपये का व औसत पैकेज 7.50 लाख रुपये का रहा। यह वर्ष 2023 से अधिक है। वर्ष 2023 में औसत महिला पैकेज 6.82 लाख रुपये का था, वहीं, न्यूनतम महिला पैकेज चार लाख रुपये का था, पिछले साल औसत पुरुष पैकेज 7.66 लाख एलपीए व न्यूनतम पुरुष पैकेज चार लाख एलपीए रहा।

Hindustan ! Page No - 04 ! Date - 06-03-2024 !

# सीआइएमपी के छात्र को 25.8 लाख का पैकेज

जागरण संवाददाता, पटना : चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) के पीजीडीएम सत्र 2022-24 के सभी छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। निदेशक प्रो. राणा सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट में शामिल सभी छात्रों का चयन नामचीन कंपनियों ने किया है। 98 छात्रों में से एक ने स्टार्टअप प्रारंभ किया है, शेष 97 प्लेसमेंट प्रक्रिया में शामिल हुए। इसमें 89 छात्र बिहार के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं। आठ छात्र अन्य राज्य के हैं। 22 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने छात्रों को रिक्रूट किया है। प्लेसमेंट ड्राइव में 30 से अधिक कंपनियां शामिल हुई थीं।

उन्होंने मंगलवार को संस्थान में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि छात्रों का समर्पण और कड़ी मेहनत, संकाय और कर्मचारियों के सहयोग से यह संभव हो पाया है। पहली बार दो छात्रों को इंटरनेशनल प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट चेयरपर्सन प्रो. विभाष कुमार ने बताया कि कई चरणों में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कंपनियों ने

**30** से अधिक विद्यार्थियों को एक से अधिक कंपनी का आफर

**30** से अधिक कंपनियां प्लेसमेंट के लिए पहुंची संस्थान




जानकारी देते निदेशक प्रो. राणासिंह (मध्य), प्रो. विभाष कुमार व कुमोद कुमार ● जागरण

## पिछले साल से औसत पैकेज में भी हुई वृद्धि

प्रो. विभाष कुमार ने बताया कि पिछले साल से औसत पैकेज में भी वृद्धि हुई है। इस साल के 7.34 लाख की तुलना में इस बार औसत पैकेज 7.5 एलपीए हो गया है। पिछले साल अधिकतम पैकेज 11 लाख रुपये था। इस बार दो गुना से अधिक 25.8 लाख रुपये अधिकतम पैकेज एक छात्र को मिला है। छात्राओं की श्रेणी में उच्चतम पैकेज 11 लाख रुपये रहा। निदेशक ने बताया कि एनआइआरएफ की 2023 रैंकिंग में सीआइएमपी को देश के शीर्ष 125 बी-स्कूलों में रखा गया। पीजीडीएम कार्यक्रमों में सभी प्रवेश कामन एडमिशन टेस्ट (कैट), जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (एक्सएटी) और कामन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (सीमैट) के माध्यम से किए जाते हैं।

आनलाइन, आफलाइन, हाइब्रिड, पूल कैंपस के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा की परख कई चरणों में की। कई छात्रों को एक से अधिक कंपनियों ने प्लेसमेंट आफर दिया।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार ने बताया कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ भविष्य के सीईओ तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सीआईएमपी के छात्रों का सौ प्रतिशत प्लेसमेंट

**पटना (एसएनबी)।** चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) के वर्ष 2022-24 के स्नातक बैच के छात्रों ने सौ प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल किया है। भारत के अधिकतर प्रबंधन संस्थानों में मंडराते प्लेसमेंट संकट के बावजूद सीआईएमपी की प्लेसमेंट टीम, प्रोफेसर विभाष कुमार, (प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस, सीआईएमपी) की अध्यक्षता में इस वर्ष प्लेसमेंट का विकल्प चुनने

**■ कुल 97 छात्रों के लिए 30 कंपनियां आयी थीं**

वाले सभी 97 छात्रों को सफलतापूर्वक प्लेसमेंट मिल गया है। प्लेसमेंट के लिए चुने गए कुल 97 छात्रों के लिए 30 कंपनियां आयी थीं, जिसमें छात्रों को भर्ती करने वाली कंपनियों की संख्या 22 है। उन्होंने बताया कि अगले साल से संस्थान में कुल सीटों की संस्या 60 बढ़कर कुल 180 होने की उम्मीद है।

इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. राणा सिंह (निदेशक सीआईएमपी) ने मीडिया को कहा कि हमें 2022-24 के हमारे स्नातक बैच के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट की उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हमें विश्वास है कि हमारे स्नातक अपने संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे और कॉर्पोरेट जगत में सकारात्मक योगदान देंगे। प्रोफेसर विभाष कुमार (प्लेसमेंट चेयरपर्सन, सीआईएमपी) ने कहा कि हमारे पास इस सीजन में 30 से अधिक कंपनियां विभिन्न तरीकों ऑनलाइन/ऑफलाइन/हाइब्रिड/पूल कैंपस में प्लेसमेंट ड्राइव में भाग ले रही थी। हमारे छात्रों को प्लेसमेंट शीर्ष 22 भर्ती कंपनियों में मिला जिनमें ग्लोबल आर्चर (घरेलू और विदेशी), कोलगेट पामोलिव, आईटी, आईसीआईसीआई, फेडरल बैंक, उज्जीवन बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, अमूल, कॉम्फेड, एशियन पेंट्स, पीरामल, एचडीएफसी लाइफ, कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग शामिल हैं। हमारे कुछ प्रतिभाशाली छात्रों को एक से अधिक कंपनियों से प्लेसमेंट ऑफर मिले हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल के औसत वेतन लगभग 7 एलपीए की तुलना में मेडियन सीटीसी बढ़कर 7.5 एलपीए हो गया है। साथ ही उच्चतम पैकेज 25.8 एलपीए के आश्चर्यजनक रिकॉर्ड आंकड़े तक बढ़ गया है। जबकि पिछले साल यह 11 एलपीए था। उन्होंने कहा कि छात्राओं का उच्चतम पैकेज 11 एलपीए एवं छात्रों का उच्चतम पैकेज 14 एलपीए रहा। प्लेसमेंट पाने वाल 97 विद्यार्थियों में में बिहार के 89 एवं बिहार से बाहर के आठ विद्यार्थी शामिल है। इस दौरान सीआईएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार ने 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। संस्थान के दो छात्रों का प्लेसमेंट विदेश में भी हुआ है, जिसे सीआईएमपी परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि सीआईएमपी सभी भाग लेने वाले भर्तीकर्ताओं को उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए आभार व्यक्त करता है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते प्रोफेसर डॉ. राणा सिंह व अन्य।

Rashtriya Sahara ! Page No - 04 ! Date - 06-03-2024 !

# सीआईएमपी ने 2022-24 बैच के लिए हासिल की 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सफलता

पटना/का.सं। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना ने गर्व से घोषणा की है कि उसने 2022-24 के स्नातक बैच के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सफलता हासिल की है। चुनौतीपूर्ण आर्थिक माहौल और भारत के अधिकांश प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में मंडराते प्लेसमेंट संकट के बावजूद, सीआईएमपी की समर्पित प्लेसमेंट टीम, प्रोफेसर विभाषकुमार की अध्यक्षता में और प्रतिष्ठित भर्ती कंपनियों के सहयोग से, इस वर्ष प्लेसमेंट का विकल्प चुनने वाले सभी 97 छात्रों को सफलतापूर्वक प्लेसमेंट मिल गया है। इस साल प्लेसमेंट के लिए भाग लेने वाली 30 कंपनियों में से 22 कंपनियों में 97 छात्रों को नौकरी मिली। इस विशेष अवसर पर, निदेशक सीआईएमपी प्रोफेसर डॉ. राणा सिंह ने कहा कि, संस्थान के 2022-24 में स्नातक बैच के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

Sanmarg ! Page No - 11 ! Date - 06-03-2024 !

# CIMP registers 100% placement of students

**B K Mishra** | TNN

**Patna:** In a significant development, Chandragupt Institute of Management Patna (CIMP) recorded 100% placement of its students of the 2022-24 batch. The highest pay package offered this year was Rs 24.80 lakh per annum.

Giving details of the placement, CIMP director Rana Singh told this newspaper that more than 30 reputed companies participated in the placement drive this year and 22 of them recruited all the 97 students who opted for placement. "The overall placement scenario of the institute has improved considerably this year. The median CTC has increased from Rs 7 lakh to Rs 7.50 lakh this year," he said.

**MAJOR ACHIEVEMENT**

Chandragupt Institute of Management Patna placement committee chairman Vibhas Kumar said that the organisations which recruited students included ICICI Bank, Federal Bank, Ujjivan Bank, Axis Bank, HDFC Bank, IDBI Bank, Amul, Comfed, etc.

The Times of India ! Page No - 02 !
Date - 06-03-2024 !

# सीआईएमपी ने 2022-24 बैच के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सफलता हासिल की

पटना (आससे)। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) ने 2022-24 के स्नातक बैच के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सफलता हासिल की है। इस बात की जानकारी मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर दी गई। इस क्रम में बताया गया कि चुनौतीपूर्ण आर्थिक माहौल और भारत के अधिकांश प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में मंडराते प्लेसमेंट संकट के बावजूद, सीआईएमपी की समर्पित प्लेसमेंट टीम, प्रोफेसर विभाष कुमार, (प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस, सीआईएमपी) की अध्यक्षता में और प्रतिष्ठित भर्ती कंपनियों के सहयोग से, इस वर्ष प्लेसमेंट का विकल्प चुनने वाले सभी 97 छात्रों को सफलतापूर्वक प्लेसमेंट मिल गया है। इस अवसर पर, प्रोफेसर डॉ. राणा सिंह (निदेशक सीआईएमपी) ने मीडिया को अपने संबोधन के दौरान कहा कि, हमें 2022-24 के हमारे स्नातक बैच के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते



हुए खुशी हो रही है। यह सफलता दर्शाती है हमारे छात्रों का समर्पण और कड़ी मेहनत, हमारे संकाय और कर्मचारियों का समर्थन, और हमारे सम्मानित भर्तीकर्ताओं का विश्वास। हमें विश्वास है कि हमारे स्नातक अपने संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे और कॉर्पोरेट जगत में सकारात्मक योगदान देंगे। मीडिया को संबोधित करते हुए, प्रोफेसर विभाष कुमार (प्लेसमेंट चेयरपर्सन, सीआईएमपी) ने कहा, हमारे पास इस सीजन में 30 से अधिक कंपनियां विभिन्न तरीकों - ऑनलाइन/ऑफलाइन/हाइब्रिड/पूल कैंपस में प्लेसमेंट ड्राइव में भाग ले रही थीं। हालांकि हमारे छात्रों को प्लेसमेंट शीर्ष 22 भर्ती कंपनियों में मिला जिनमें आईसीआईसीआई, फेडरल बैंक, उज्जीवन बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, अमूल, कॉम्फेड, एशियन पेंट्स, पीरामल, एचडीएफसी लाइफ, कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग शामिल हैं। ग्लोबल आर्चर (घरेलू और विदेशी), कोलगेट- पामोलिव, आईटी, आदि। हमारे कुछ प्रतिभाशाली छात्रों को 1 से अधिक कंपनियों से प्लेसमेंट ऑफर मिले। मेडियन सीटीसी और उच्चतम पैकेज में सुधार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि, पिछले साल के औसत वेतन लगभग 7 एलपीए की तुलना में मेडियन सीटीसी बढ़कर 7.5 एलपीए हो गया है। साथ ही उच्चतम पैकेज 25.8 एलपीए के आश्चर्यजनक रिकॉर्ड आंकड़े तक बढ़ गया है जबकि पिछले साल यह 11 एलपीए था और उल्लेखनीय रूप से इस साल हमारा पहला विदेशी प्लेसमेंट भी हुआ। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, सीआईएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार ने फिर से 100% प्लेसमेंट हासिल करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे सीआईएमपी परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, सीआईएमपी सभी भाग लेने वाले भर्तीकर्ताओं को उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए आभार व्यक्त करता है। संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और प्रबंधन में भविष्य के नेताओं को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

Aaj ! Page No - 08 ! Date - 06-03-2024 !

# CIMP के छात्र को 25 लाख का पैकेज

patna@inext.co.in

**PATNA (5 March):** चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) के पीजीडीएम सत्र 2022-24 के सभी छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है. निदेशक प्रो. राणा सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट में शामिल सभी छात्रों का चयन नामचीन कंपनियों ने किया है. 98 छात्रों में से एक ने स्टार्टअप प्रारंभ किया है, शेष 97 प्लेसमेंट प्रक्रिया में शामिल हुए. इसमें 89 छात्र बिहार के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं. आठ छात्र अन्य राज्य के हैं. 22 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने छात्रों को रिक्रूट किया है. प्लेसमेंट ड्राइव में 30 से अधिक कंपनियां शामिल हुई थीं.

## औसत पैकेज में भी हुई वृद्धि

प्रो. विभाष कुमार ने बताया कि पिछले साल से औसत पैकेज में भी वृद्धि हुई है. इस साल के 7.34 लाख की तुलना में इस बार औसत पैकेज 7.5 एलपीए हो गया है. पिछले साल अधिकतम पैकेज 11 लाख रुपये था. इस बार दो गुना से अधिक 25.8 लाख रुपये अधिकतम पैकेज एक छात्र को मिला है. छात्राओं की श्रेणी में उच्चतम पैकेज 11 लाख रुपये रहा. छात्राओं का पिछले साल औसत पैकेज 6.82 लाख था, जो इस बाद बढ़कर 7.50 लाख हो गया है. निदेशक ने बताया कि एनआइआरएफ की 2023 रैंकिंग में सीआइएमपी को देश के शीर्ष 125 बी-स्कूलों में रखा गया. पीजीडीएम कार्यक्रमों में सभी प्रवेश कामन एडमिशन टेस्ट (कैट), जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (एक्सएटी) और कामन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (सीमैट) के माध्यम से किए जाते हैं. विस्तृत जानकारी वेबसाइट **https://new. cimp.ac.in/**पर उपलब्ध है.

I Next ! Page No - 04 ! Date - 06-03-2024 !

# सीआइएमपी में 100% प्लेसमेंट 24.8 लाख तक का मिला पैकेज

संवाददाता, पटना

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) ने इस सत्र में 100 प्रतिशत प्लेसमेंट पूरा कर लिया है. पीजीडीएम (एमबीए के समकक्ष) बैच 2022-24 के 98 स्टूडेंट्स में 97 को प्लेसमेंट मिल गया है. एक स्टूडेंट्स ने अपना खुद का स्टार्टअप खोला है. इसमें बिहार के 89 छात्र (92%) व अन्य राज्यों के आठ छात्र (8%) शामिल हैं. 22 कंपनियों ने 97 स्टूडेंट्स को रिक्रूट किया है. जबकि प्लेसमेंट के लिए 30 से अधिक कंपनियां आयी थीं. इसकी जानकारी सीआइएमपी के निदेशक प्रो राणा सिंह ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. उन्होंने बताया कि छात्रों का समर्पण और कड़ी मेहनत, हमारे संकाय और कर्मचारियों का समर्थन और हमारे सम्मानित भर्तीकर्ताओं का विश्वास रहा. प्लेसमेंट चेयरपर्सन प्रो विभाष कुमार ने कहा कि हमारे पास इस सीजन में 30 से अधिक कंपनियां विभिन्न तरीकों ऑनलाइन, ऑफलाइन, हाइब्रिड, पूल कैंपस में प्लेसमेंट ड्राइव में भाग ले रही थीं. हालांकि हमारे छात्रों को प्लेसमेंट शीर्ष 22 भर्ती कंपनियों में मिला

**पिछले साल की तुलना में औसत वेतन में वृद्धि :** पिछले साल के औसत वेतन सात एलपीए की तुलना में इस बार बढ़कर 7.5 एलपीए हो गया है. उच्चतम पैकेज 25.8 एलपीए के आश्चर्यजनक रिकॉर्ड आंकड़े तक बढ़ गया है, जबकि पिछले साल यह 11 एलपीए था. इस साल विदेशी प्लेसमेंट भी हुआ.

**लड़कियों का उच्चतम पैकेज 11 लाख रुपये :** लड़कियों का उच्चतम पैकेज 11 लाख रुपये का व औसत पैकेज 7.50 लाख रुपये का रहा है. यह वर्ष 2023 से अधिक है. वर्ष 2023 में औसत महिला पैकेज 6.82 लाख रुपये का था

Prabhat Khabar ! Page No - 04 !
Date - 06-03-2024 !

# सीआईएमपी में सौ प्रतिशत प्लेसमेंट, उच्चतम पैकेज 25.8 लाख तक गया

पटना |सीआईएमपी के छात्रों ने प्लेसमेंट में एक बार फिर बाजी मारी है। संस्थान में प्लेसमेंट के लिए 30 से अधिक कंपनियां आईं थीं। छात्रों का 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ है। पीजीडीएम (एमबीए के समकक्ष) बैच 2022-24 के सभी छात्रों को नौकरी मिली है। 98 छात्रों में 97 को प्लेसमेंट मिल गया है। पिछले साल के औसत वेतन लगभग सात एलपीए की तुलना में इस बार बढ़कर 7.5 एलपीए हो गया है। साथ ही उच्चतम पैकेज 25.8 एलपीए के आश्चर्यजनक रिकॉर्ड आंकड़े तक बढ़ गया है, जबकि पिछले साल यह 11 एलपीए था।

Dainik Bhaskar ! Page No - 04 !
Date - 06-03-2024 !